हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 25 दिसंबर 2025

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 19.2 डिग्री

न्यूनतम 9.2 डिग्री


4

पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से करें लाभान्वित




**खबर संक्षेप**

## जिले के विकासखण्डों में लगा आयुष स्वास्थ्य मेला



**जशपुरनगर।** संचालनालय आयुष रायपुर निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी जशपुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्ड में रजत जयंती 2025 के अवसर पर आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। आयुष अधिकारी ने बताया कि शिविर में सामान्य रक्त परीक्षण कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से केवात रोग, उदररोग, कास रोग, चर्म रोग और प्रतिश्याय रोग के मरीज पाये गये। जिसमें आयुर्वेद पद्धति से 2523 एवं होम्योपैथी पद्धति से 964 कुल रोगी संख्या 3487 का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदाय किया गया और सभी मरीज हितग्राहियों को नजदीक के आयुष स्वास्थ्य केन्द्र से फिर औषधि प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया है।

## प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम देवरी निवासी स्व.अविनाश पैंकरा का तालाब के पानी में डूबने से 6 मई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता कमलेश्वर साय हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## डबरी बना मधुसूदन के स्थायी आजीविका का आधार



**जशपुरनगर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण से न केवल जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढावा मिल रहा है, बल्कि किसानों को सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध हो रही है। डबरी निर्माण के बाद नियमित आय प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। जिससे डबरी आजीविका का स्थाई साधन बन गया है। जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देशन में मनरेगा योजनान्तर्गत लोगों को स्थायी आजीविका में नियोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बगीचा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदमुरा निवासी मधुसूदन पिता भादो द्वारा अपनी कृषि भूमि पर डबरी का निर्माण कर लगभग 220000 हजार रूपये की अतिरिक्त वार्षिक आमदनी प्रतिवर्ष अर्जित कर रहा है। मधुसुदन को ग्राम पंचायत बैठक से जानकारी मिला कि मनरेगा योजना अंतर्गत छोटे किसानों की निजी भूमि पर आजीविका डबरी का निर्माण किया जाता है। योजना की जानकारी मिलने पर उन्होने अपनी कृषि भूमि में डबरी का निर्माण का निर्णय लिया एवं मनरेगा योजनान्तर्गत उस के खेत में 2.85 लाख रूपये की लागत से डबरी स्वीकृत हुआ और कार्य शीघ्र प्रारंभ किया गया। डबरी निर्माण कार्य के दौरान 52 जाब कार्डधारी परिवारों के 271 श्रमिकों को रोजगार मिला जिससे कुल 1565 मानव दिवस का सृजन हुआ।

## मंदिर की दान पेटी तोड़ चोरों ने पार किया 5 हजार रुपए

**सूरजपुर।** छठ घाट मार्ग स्थित गायत्री मंदिर का ताला तोड़ चोरों ने दान पेटी से लगभग 5 हजार रुपए पार कर दिया। मंदिर के सदस्य ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार छठ घाट रोड स्थित गायत्री मंदिर में हर रोज की भांति सोमवार की सुबह पुराजी दीपक कुशवाहा मंदिर पूजा करने गया था।

### आतिशबाजी से रोशन हुआ आसमान

# रात 12 बजते ही गूंजे प्रभु यीशु के गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रभु यीशु के जन्म पर्व क्रिसमस की खुशियां गुरुवार देर रात जिलेभर में उल्लास के साथ मनाई गईं। 24 दिसंबर की रात आयोजित विशेष प्रार्थना अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में चर्चों में उमड़े।

कुनकुरी महागिरजाघर में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए प्रार्थना सभा कक्ष के बाहर भी भव्य पंडाल लगाए गए, जहां तक साउंड सिस्टम के माध्यम से प्रार्थना की आवाज पहुंचाई गई। जशपुर शहर के संत इग्नासियुस चर्च में भी क्रिश्चियन समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए। रोजरी की महारानी महागिरजाघर में विशप इम्मानुएल केरकेट्टा द्वारा मिस्सा पूजा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। प्रभु यीशु के जन्म पर्व को लेकर जिले की 56 चर्चों में व्यापक तैयारियां की गई थीं। श्रद्धालु बुधवार की रात 10 बजे तक चर्च पहुंच चुके थे और इसी समय से प्रार्थना व बाइबल पाठ प्रारंभ हो गया। पल्ली पुरोहितों ने प्रभु यीशु के आगमन का संदेश देते हुए बाइबल पाठ किया। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक प्रार्थना में भाग लिया। रात 12 बजते ही प्रभु यीशु के जन्म का संदेश सुनाया गया। इसके बाद एक-दूसरे को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हुआ। चर्चों के बाहर पटाखे फोड़े गए और आसमान रंगीन रोशनी से जगमगा उठा। आधी रात के बाद चर्चों में प्रभु यीशु के भक्ति गीत गूंजने लगे, जिनमें मसीही समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से सहभागिता की।



### लाइट, झालर और कैंडल से सजे चर्च

क्रिसमस के अवसर पर जिलेभर के चर्चों को आकर्षक लाइटिंग, झालर और कैंडल से सजाया गया था। प्रार्थना में शामिल होने के लिए मसीही समाज के लोगों ने सप्ताह भर पहले से तैयारी की थी। दिनभर चर्च परिसरों में व्यवस्थाएं की जाती रहीं। श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध बैठाने के लिए कुर्सियां और बेंच लगाई गईं। भीड़ को देखते हुए हॉल के मुख्य द्वार पूरी तरह खोलकर बाहर पंडाल लगाए गए।

### चरनी बनी आकर्षण का केंद्र

चर्चों में सजी चरनी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कुनकुरी महागिरजाघर में कई स्थानों पर सुंदर और भव्य चरनी सजाई गई थी। इसके अलावा कई परिवारों ने अपने घरों में भी चरनी बनाई। मान्यता के अनुसार प्रभु यीशु का जन्म गौशाला में हुआ था, इसलिए उस दृश्य को चरनी में दर्शाया जाता है। चरनी में प्रभु यीशु, माता मरियम, यूसुफ, गडरिये और अन्य पात्रों की आकृतियां सजाई गई थीं। इसे और आकर्षक बनाने के लिए आर्टिफिशियल प्लांट, झालर और लाइट का उपयोग किया गया।जिले भर में क्रिसमस का पर्व श्रद्धा, शांति और उल्लास के साथ मनाया गया। आधी रात तक गूंजते भक्ति गीतों और रोशनी से सजे चर्चों ने पूरे जशपुर जिले को त्योहार के रंग में रंग दिया।



## ट्रैफिक नियमों पर जीरो टॉलरेंस स्टंटबाजों को पुलिस ने सिखाया सबक

**जशपुरनगर।** क्रिसमस और नववर्ष के त्यौहार को देखते हुए जिले में बढ़ती आवाजाही और संभावित सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए जशपुर पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के स्पष्ट निर्देश पर जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस सघन अभियान के दौरान तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीड, मोडिफाइड ⏭ शेष पेज 4 पर

■ क्रिसमस–नववर्ष से पहले पुलिस का बड़ा एक्शन

### जिलेभर में चला चालान का डंडा

जशपुर जिले के अलग- अलग थाना व चौकी क्षेत्रों में की गई कार्रवाई की गई है। मनोरा 6 प्रकरण 1800 रुपए, आरा 3 प्रकरण 900 रुपए, लोदाम 8 प्रकरण 2400 रुपए, दुलदुला 11 प्रकरण 3300 रुपए, आस्ता 10 प्रकरण 3800 रुपए, सन्ना 6 प्रकरण 2200 रुपए, सोनक्यारी 1 प्रकरण 500 रुपए, बगीचा 2 प्रकरण 3000 रुपए, नारायणपुर 1 प्रकरण 300 रुपए, तपकरा 7 प्रकरण 2100 रुपए, करडेगा 5 प्रकरण 1900 रुपए, ऊपरकछार 15 प्रकरण 6500 रुपए, कांसाबेल 3 प्रकरण 1100 रुपए, फरसाबहार 3 प्रकरण 900 रुपए, पत्थलगांव 11 प्रकरण 4900 रुपए, बागबहार 2 प्रकरण 800 रुपए, कोल्हेनझरिया ⏭ शेष पेज 4 पर

## धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की उठी मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जिले में धान खरीदी को लेकर किसानों की बढ़ती समस्याओं और लिमिट की कमी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा गठित निगरानी समिति ने मोर्चा खोल दिया है।

पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह सिदार और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेता सुमित शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिले के सबसे बड़े धान खरीदी केंद्र कोतबा सहित सुरंगपानी और जामझोर उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान समिति ने पाया कि शासन द्वारा बढ़ाई गई मौजूदा लिमिट किसानों की उपज के मुकाबले बेहद कम और नाकाफी है। केंद्रों पर मौजूद किसानों ने नेताओं को अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वे अपनी पूरी फसल बेचने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। कलेक्टर को भेजे ज्ञापन में गंभीर मुद्दे किसानों की मांग और मौके पर पाई गई अव्यवस्थाओं को लेकर निगरानी समिति ने जशपुर कलेक्टर के नाम एक हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा है।

## यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** इलाज कराने ग्राम बरती कला जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे यात्री बस के चालक ने टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम इंजानी निवासी विश्वकर्मा पटेल शुक्रवार को अपना इजाल करने बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 5211 से ग्राम बरती कला इलाज कराने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सावित्रीपुर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को अंबिकापुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल का इलाज जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने यात्री बस चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## आमाबेड़ा घटना के विरोध में सड़कों पर उतरा सर्व समाज, बाजार रहे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांकेर जिले के आमाबेड़ा में कथित मतांतरण और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में बुधवार को जशपुर में सर्व समाज के आह्वान पर जोरदार बंद देखने को मिला। बंद का शहर में व्यापक असर रहा। सुबह से ही अधिकांश दुकानों में ताले लटके रहे। क्रिसमस का बाजार होने के बावजूद शहरवासियों ने बंद को पूरा समर्थन दिया।दोपहर के समय सर्व समाज के सैकड़ों लोग बालाजी मंदिर के पास एकत्र हुए। यहां से आक्रोश रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए लोग रणजीता स्टेडियम स्थित सभा स्थल पहुंचे, जहां विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए सर्व समाज के संयोजक कृपाशंकर भगत ने कहा कि आमाबेड़ा की घटना और इसके बाद प्रशासन का रवैया हिंदू समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। उन्होंने कहा कि यदि अब भी समाज नहीं जागा तो मतांतरण के कारण अस्तित्व पर संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतांतरण का सबसे अधिक दुष्प्रभाव जनजातीय समाज पर पड़ रहा है, जिससे उसकी परंपराएं, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक पहचान खतरे में हैं। सरकार को चाहिए कि धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम को कठोरता से लागू करे। देवधन नायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि मतांतरण कराने वालों और कराने वालों को यह याद रखना चाहिए कि वे आरक्षण सहित कई सरकारी सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने समाज से अपने पूर्वजों के मूल धर्म में अडिग रहने की अपील की। बताया मतांतरण को गंभीर चुनौती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक करणपाल सिंह ने आमाबेड़ा की पूरी घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि मतांतरण केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है। इसे हल्के में लेना भविष्य के लिए घातक साबित हो सकता है।कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश तिवारी ने किया।



### हनुमान चालीसा पाठ, फिर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

सभा के बाद धरना स्थल पर उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात जशपुर के एसडीएम वीआर मस्के को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आमाबेड़ा प्रकरण के दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई, धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और कांकेर के एसपी सहित जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की गई।आंदोलन का समापन दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

धरना-प्रदर्शन में आरएसएस के प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर, वनवासी कल्याण आश्रम के महामंत्री योगेश बापट, जशपुर विधायक रायमुनि भगत, भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार राय और राजीव नंदे विशेष रूप से मौजूद रहे।

## अवैध धान तस्करी पर जशपुर पुलिस का वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच सरहदी राज्यों से अवैध धान लाकर खपाने की कोशिशों पर जशपुर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। इसी कड़ी में लोदाम थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा 26 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है।

■ झारखंड से छत्तीसगढ़ खपाने लाया जा रहा 26 क्विंटल धान पकड़ा

धान 65 बोरियों में एक पिकअप वाहन में लोड था। पुलिस के अनुसार, 23 दिसंबर की शाम करीब 8 बजे लोदाम पुलिस पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक टाटा सूमो पिकअप क्रमांक जेएच-03-एफ-9899 रूपसेरा पतराटोली के ग्रामीण रास्ते से होकर झारखंड से जशपुर की ओर अवैध धान लेकर आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर नाकाबंदी कर वाहन को रोक लिया। तलाशी में पिकअप से 65 बोरियों में कुल 26 क्विंटल धान बरामद हुआ। पूछताछ में चालक ने अपना नाम सचिन गोप उम्र 23 वर्ष निवासी प्रेमनगर, चैनपुर, जिला गुमला (झारखंड) बताया। धान के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर पुलिस ने पिकअप वाहन सहित धान को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि झारखंड सहित अन्य सरहदी राज्यों से धान लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सरहदी रास्तों पर नाकाबंदी और पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है।



## 206 खातों के 1 करोड़ से अधिक का हुआ समाधान

**जशपुरनगर।** वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकारके निर्देशों के अनुसार दावा न किए गए वित्तीय संपत्तियों के कुशल और त्वरित निपटान हेतु जशपुर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शिविर का आयोजन 19 दिसंबर 2025 को आयोजित किया गया।जिसके मुख्य अतिथि जशपुर के अस्सिटेंट कलेक्टर अनिकेत अशोक ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की। गौरतलब है कि भारतीय रिज़र्व बैंक के नियम के अनुसर अगर कोई खाता 10 वर्ष तक निष्क्रिय खाता रहता है उन खातों में जमा राशि जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि में जमा हो जाता है। खातो को दावा आवेदन एवं केवाईसी दस्तावेज़ बैंक में जमा कर पुनः सक्रिय करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया था।



देश भर में बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को उनके असली मालिकों को लौटाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है ₹आपकी पूंजी, आपका अधिकार₹ अभियान शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनकी बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों जैसे निष्क्रिय बैंक खाते, परिपक्व बीमा पॉलिसियां और भूली हुई म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को पुनः प्राप्त करने में मदद करना है। जागरूकता , पहुंच और कार्रवाई ताकि लोग आसानी से अपना पैसा पा सकें और उसका दावा कर सकें। इसमें वित्तीय सेवा विभाग द्वारा समन्वित बैंकों, बीमा कंपनियों और स्टॉक एक्सचेंजों सहित कई संस्थान शामिल है। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष जशपुर में आयोजित आपको पूंजी आपका अधिकार शिविर में 19 बैंकों ने भाग लिया जिसमें 206 खातों के 1 करोड़ 64 लाख 69 हजार 981 रुपए का समाधान किया गया है।

### श्रीकृष्ण ने अटरिया से फोड़ी मटकी, माखन चोरी के वर्णन के बाद हुई गोवर्धन पूजा

# भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने श्रीकृष्ण ने की बाल लीला: राधेप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा मैदान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन भक्ति की ऐसी बयार बही कि पूरा पंडाल 'राधे-राधे' के जयकारों से गूंज उठा। वृन्दावन से पधारीं सुश्री राधेप्रिया ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का ऐसा सजीव वर्णन किया कि श्रोता भावविभोर हो गए। कथा के दौरान माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पूजा के प्रसंगों के साथ-साथ झांकियों का सुंदर मंचन किया गया। उल्लेखनीय हैं कि 20 से 26 दिसंबर तक चल रहे इस आयोजन में आचार्य बलराम ब्रजवासी जी महाराज ⏭ शेष पेज 4 पर

■ लगे छप्पन भोग मटकी फोड़ लीला देख झूमे श्रद्धालु







**छप्पन भोग का प्रसाद और विशाल भंडारा:** गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। कथा विश्राम के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण हुआ। साथ ही रोजाना जनसहयोग से विशाल अखंड भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें कोतबा और आसपास के दर्जन भर गांवों के हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

### इन्द्र का मान मर्दन करने श्रीकृष्ण ने उठाया था गोवर्धन पर्वत

कथा के क्रम को आगे बढ़ाते हुए व्यास जी सूश्री राधेप्रिया जी ने गोवर्धन पूजा का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि जब ब्रजवासी इन्द्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें कर्मप्रधान बनने और प्रकृति स्वरूप गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की प्रेरणा दी। इससे क्रोधित होकर इन्द्र ने मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण कर इन्द्र का अभिमान चूर किया। अंततः इन्द्र ने अपनी हार मानी और ब्रज में फिर से खुशहाली लौटी।

### अटरिया से मटकी फोड़ी, झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विशेष रूप से 'मटकी फोड़' प्रसंग का मंचन बेहद रोमांचक रहा। श्रीकृष्ण रूपी बाल कलाकार ने अटरिया से लटकती मटकी को फोड़कर माखन चोरी का दृश्य जीवंत कर दिया। इस दौरान वृन्दावन से आए संगीतकारों ने ₹सुन रे मदन गोपाल, अटरिया से मटकी फोड़ी₹ भजन गाया, जिस पर महिला-पुरुष और बच्चे झूमते-नाचते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### कोलकर्मियों के भविष्य निधि पर ब्याज वृद्धि करने पर बनी सहमति

**बिश्रामपुर।** कोयला खदानों में कार्यरत लाखों कर्मियों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक अहम फैसला आया है,कोयला खान भविष्य निधि संगठन की 185 वीं ट्रस्टी बोर्ड बैठक हाल ही में सम्पन्न हुई,जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भविष्य निधि पर 7.7 प्रतिशत ब्याज दर देने पर सहमति बनी,यह प्रस्ताव अब औपचारिक स्वीकृति हेतु कोयला मंत्रालय को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7.6 प्रतिशत ब्याज दर निर्धारित की गई थी,इस लिहाज से नई दर में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई,ट्रस्टी बोर्ड की बैठक के दौरान प्रबंधन पक्ष ने 2024-25 की तरह ही 7.6 प्रतिशत ब्याज दर को यथावत रखने का सुझाव दिया,वहीं मजदूर प्रतिनिधियों की ओर से अधिक ब्याज दर की मांग उठाई गई। एटक नेता रमेंद्र कुमार ने कर्मियों के हित को ध्यान में रखते हुए 7.8 प्रतिशत ब्याज दर देने की पुरजोर मांग रखी। इस पर विस्तृत चर्चा के बाद अंततः 7.7 प्रतिशत ब्याज दर पर सभी पक्षों की सहमति बनी,बैठक में केवल ब्याज दर ही नहीं, बल्कि कई अन्य अहम विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इनमें प्रमुख रूप से सी-डेक से जुड़े तकनीकी मुद्दे, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रिवाइज्ड पीपीओ को स्वीकार न करने से उत्पन्न समस्याएं, पेंशनधारियों और कर्मियों को हो रही व्यावहारिक कठिनाइयों विषयों पर समाधान की दिशा में चर्चा की गई। बैठक में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सीएमपीएफओ के सभी रीजनल कार्यालयों के नवीनीकरण पर सहमति बनी।

### निर्माण में लेट लतीफी और लापरवाही बनी मौत का कारण

**राजपुर।** एनएच 343 की जर्जर सड़क और गड्ढों के कारण बाइक सवार युवक की मौत को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तिवारी ने कहा कि निविदा जारी होने के छह माह बाद भी निर्माण में हो रही देरी दुर्घटना और मौत का कारण बन रही है। सड़क पर गड्ढे और धूल की वजह से लोगों का चलना मुश्किल होता जा रहा है तहसील के आस पास हुए बड़े बड़े जानलेवा गड्ढों के कारण कल हुई दुर्घटना में एक निर्दोष युवक की मृत्यु अत्यंत दुखद और अस्वीकार्य है। यह घटना केवल एक हादसा नहीं बल्कि संबंधित विभागों और ठेकेदारों की गंभीर लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस की मांग है कि प्रशासन दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय करे और उन पर कठोर कार्रवाई हो। भविष्य में सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की सख्त निगरानी की जाए और जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि ऐसी घटना दोबारा न हों। ठेकेदार ना ही सड़क निर्माण कर रहा है ना ही सड़क पर हुए बड़े बड़े गड्ढों को पाटने का काम कर रहा है अगर कहीं गड्ढे पाटे भी गए है तो मिट्टी डाल कर जिससे छोटे बड़े भारी वाहनों के आवाजाही से सड़क पर धूल के उड़ने से सामने कुछ देर के लिए अंधेरे जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे कई दुर्घटना आए दिन हो रहे है।

### युवा जागरण अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली



**प्रतापपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा युवा जागरण अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान नशा मुक्ति के खिलाफ नारा लगाया गया तथा नशा से दूर स्वस्थ जीवन जीने की बात कही गई। नशा मुक्ति रैली नगर के राजघराना चौक, कॉलेज चौक, कदम पारा चौक, नगर पंचायत चौक, सहित मुख्य जगह पर उद्बोधन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गायत्री परिवार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कसकेला में



**सलका अधिना।** ग्राम पंचायत कसकेला के हाई स्कूल प्रांगण में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अधिना-सलका की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य ओमप्रकाश योगी के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी के नेतृत्व में नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर 22 से 28 दिसंबर तक लगाया जा रहा है। एनएसएस का ध्येय वाक्य में नहीं बल्कि आप और उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास है और इन्ही उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शिविर में प्रतिदिन सभी स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रातः कालीन सत्र में योग,पीटी,कराते,परेड, परियोजना कार्य अंतर्गत ग्राम संपर्क, रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, दीवार लेखन के अलावा दोपहर के बौद्धिक सत्र में विभिन्न विभागों के विषय विशेषज्ञों द्वारा विभागीय जानकारी एवं मोटिवेशनल स्पीच, देशी खेलकूद, संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में नशा मुक्ति,बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पोषण,बाल विवाह उन्मूलन, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, लोकनृत्य, देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य मुरली चक्रधारी एवं सरपंच अयोध्या सिंह, राकेश यादव, गुलाब देवांगन, श्रीराम यादव, घनश्याम गुप्ता, सुनील चक्रधारी, प्रदीप पैंकरा, सत्यवती गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## विद्युत अधिकारियों के साथ धरनास्थल पर पहुंची एसडीएम

# तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार शुरू कराने के आश्वासन पर बंद हुआ अनिश्चितकालीन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**
- लम्बी चर्चा के बाद बनी सहमति

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में विद्युत विस्तार की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन मंगलवार को आपसी सहमति के बाद समाप्त कर दिया गया। तीन घंटे की लम्बी वार्ता के बाद वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा उपरांत एसडीएम ने प्रभावित गांवों में तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार प्रारंभ करने के लिखित आश्वासन दिया तो जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

गुरु घासीदास नेशनल पार्क सहित घने जंगल एवं पहाड़ी पर स्थित बस्तियों में विद्युत विस्तार की बात तो कोई सोच भी नहीं सकता था। विद्युत विभाग ने आधा दर्जन से अधिक सर्वे कराने के बाद इन गांवों में वन बाधा के कारण विद्युत विस्तार को असम्भव मान लिया था। क्षेत्र के राजस्व ग्रामों में भी विद्युत विस्तार को लेकर अनेक समस्याएं आ रही थी। विद्युत अधिकारी विस्तार के लिए वन विभाग की अनापत्ति मिलने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दे रहे थे। अनेकों प्रयास के बाद भी जब सफलता नहीं मिली तो करौटी ए सरपंच एवं सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह ने विद्युत विस्तार की मांग लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की योजना बनाई। उन्होंने क्षेत्र के सभी सरपंच, पंच व ग्रामीणों से इसके लिए सहमति ली तथा 15 दिसम्बर को तहसील कार्यालय मैदान में आंदोलन प्रारम्भ किया गया। विपरीत मौसम एवं आंदोलनकारियों के ठंड से बीमार पड़ने के बावजूद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का हौसला कम नहीं हुआ। अंततः मामले में ग्रामीणों की जीत हुई। भैयाथान एसडीएम श्रीमती चांदनी कंवर द्वारा तीन महीने के भीतर प्रशासकीय स्वीकृति लेने के साथ ही तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया तो जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की साथ ही निर्धारित समय पर विद्युत विस्तार प्रारंभ नहीं होने पर चक्काजाम सहित उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।



लिखित आश्वासन देते अधिकारी।

**शीघ्र होगा निराकरण**

जिन वन क्षेत्रों की अनापत्ति नहीं मिली है विद्युत व वन विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से आगे की कार्रवाई कर रहे हैं। जल्द ही वन बाधा का निराकरण कर लिया जाएगा।
-श्रीमती चांदनी कंवर
एसडीएम, भैयाथान

**करेंगे चक्काजाम**

निर्धारित समय में विद्युत विस्तार प्रारंभ नहीं हुआ तो क्षेत्र के सरपंचों की सहमति से चक्का जाम एवं जिला मुख्यालय सूरजपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे।
-गजमोचन सिंह
ब्लॉक अध्यक्ष, सरपंच संघ

### तीन घंटे चली चर्चा

मंगलवार को सुबह 11 बजे एसडीएम श्रीमती चांदनी भगत विद्युत अधिकारियों के साथ धरना स्थल पर पहुंची तथा विपरीत मौसम का हवाला देकर धरना-प्रदर्शन बंद करने की सलाह दी। प्रदर्शनकारियों के आक्रोशित होने पर उन्होंने इस संबंध में यथाशीघ्र पहल प्रारंभ करने का आश्वासन भी दिया। आंदोलनकारी विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ होने के बाद ही आंदोलन समाप्त करने की बात कह नारेबाजी करने लगे तो उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की तथा लिखित आश्वासन दिया तो ग्रामीण शांत हुए। एसडीएम ने गुरूघासी दास नेशनल पार्क की सीमा व आसपास के घने जंगलों में बसे वन ग्रामों में अण्डर ग्राउण्ड केबल बिछाकर एवं राजस्व ग्रामों में पोल के माध्यम से विद्युत विस्तार करने का लिखित आश्वासन दिया तो जनप्रतिनिधियों ने आपसी सहमति के बाद आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने आजादी के 78 साल गुजरने के बावजूद अब तक क्षेत्र में विद्युत विस्तार नहीं होने का मुद्दा उठाया एसडीएम ने तबकी परिस्थितियों से अनभिज्ञता जताते हुए अब शीघ्र प्रभावित गांवों में विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

#### गेहूं-मक्का पिसाने के लिए 50 किमी का सफर

आंदोलनकारियों ने बताया कि विद्युत विस्तार नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों की पीड़ा से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अधिकारी अनभिज्ञ है। आज भी ग्राम रसौकी एवं रामगढ़ के ग्रामीण 50 किमी जबकि तेलाईपाट, मुण्डा, लुल्ह, बैजन पाट, खोहिर के ग्रामीण गेंहू एवं मक्का पिसवाने के लिए 25 किमी का सफर कर बिहारपुर आते है। धान कुटवाने के लिए ग्रामीणों को ट्रेक्टर व पिकअप का किराया देना पड़ता है। छोटी टूट-फूट की वेल्डिंग कराने के लिए जेनरेटर मंगवाना पड़ता है। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते। फसलों की सिंचाई नहीं हो पाती तथा खेती के लिए ग्रामीण वर्षा पर निर्भर है।



# फिजिशियन डॉ. सिंह को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- छग एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ने किया सम्मानित

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक और जीवन ज्योति हॉस्पिटल के संस्थापक फिजिशियन डॉ. जेके सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पिछले चार दशक से स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे एमडी मेडिसिन डॉ. सिंह को 18वें एनुअल कांफ्रेंस ऑफ छतीसगढ़ एसोसिसेशन ऑफ फिजिशियन सीजीएपीकॉन-2025 द्वारा यह अवार्ड दिया गया। डॉ. सिंह लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने से सरगुजा संभाग के चिकित्सको में हर्ष का माहौल है। इस दौरान मंगलवार को जेजे हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. जेके सिंह ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अपनी चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धि और वर्तमान समय में मानव जनित प्रमुख बीमारियां, कारण और निदान के साथ-साथ आधुनिक चिकित्सा में नवाचार के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मरीज को हमारी वजह से कोई नुकसान नहीं होना चाहिए इस कारण हमने अस्पताल में धीरे-धीरे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई। स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्वालिटी से कभी कंप्रोमाइज नहीं किया। डॉ. जेके सिंह ने कहा कि 42 साल पहले चिकित्सा सुविधा इतनी एडवांस नहीं हुई थी और स्वास्थ्य जागरूकता का अभाव भी था। आज स्वास्थ्य जागरूकता व एडवांस चिकित्सा पद्धति भी कई गुना बढ़ी है। बता दें कि डॉ. सिंह ने 1983 में एमडी (मेडिसिन) की उपाधि प्राप्त की और एक छोटे से कमरे में प्राइवेट प्रैक्टिस की शुरुआत की और आज सरगुजा में सुपर स्पेशलिटी के क्षेत्र में एक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बताया कि जेजे हॉस्पिटल को एनएबीएच 6 की मान्यता प्राप्त हो गई है और इससे स्वास्थ्य सुविधाओं व गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इस दौरान जेजे हॉस्पिटल की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट लेप्रोस्कोपी सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ आईवीएफ क्लिनिक की विशेषज्ञ डॉक्टर स्नेहा सिंह ने अस्पताल में 12 दिसंबर को शुभारंभ हुए श्री आईवीएफ क्लिनिक के बारे में भी विस्तार से बताया। इस दौरान अस्पताल की डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह, एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. आकाश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

#### समाज सेवा को लेकर वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी भी हुए सम्मानित

जीवन ज्योति हॉस्पिटल में फिजिशियन डॉ. जेके सिंह के सम्मान समारोह के दौरान शहर के वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी का भी समाज सेवा के लिए सम्मान किया गया। विजय सोनी लम्बे समय से सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे है और। इसके साथ ही धार्मिक क्षेत्र में भी वे नियमित रूप से सक्रिय है। प्रतिवर्ष छठ महापर्व पर एक बड़ा आयोजन लोगों की आस्था को देखते हुए उनके द्वारा कराया जाता है। उनके इस सेवा को देखते हुए आज आयोजन के दौरान जीवन ज्योति हॉस्पिटल की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया।

# नगरीय निकायों में महिला जनप्रतिनिधियों के पति या रिश्तेदार बैठक में नहीं होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कार्य में नहीं करेंगे कोई हस्तक्षेप, शासन ने जारी किए आदेश




महिला सशक्तिकरण को ज़मीनी स्तर पर सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने अहम निर्णय लिया है,छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों में प्रॉक्सी राजनीति पर करारा प्रहार किया है,शासन ने सख्त निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि अब निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पति, पुत्र, भाई या अन्य पारिवारिक रिश्तेदार किसी भी रूप में प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लायजन पर्सन की भूमिका में नजर नहीं आएंगे,यह निर्देश मंत्रालय,महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को जारी किया गया है, इसका उद्देश्य महिला आरक्षण की भावना को वास्तविक अर्थों में लागू करना और महिला नेतृत्व को स्वतंत्र निर्णय लेने का अधिकार दिलाना है।

शासन ने बताया कि वर्ष 2010 में ही इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने का निर्णय लिया जा चुका था,लेकिन बावजूद इसके कई निकायों में नियमों की अनदेखी होती रही है,अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद शासन ने इसे और सख्ती से लागू करने का फैसला लिया है,ज्ञात हो कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपने पत्र 29 अक्टूबर 2025 में इस व्यवस्था को संविधान विरोधी करार दिया है। आयोग के अनुसार महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके रिश्तेदारों की भूमिका निभाना अनुच्छेद 14, 15(3), 21 गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। आयोग ने इसे महिला अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों के लिए घातक बताया है। बताया जा रहा है कि मानवाधिकार आयोग ने इस प्रकार की प्रॉक्सी नियुक्तियों को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा है,जारी आदेश में अब नियमों की अनदेखी करने वालों पर प्रशासनिक ही नहीं, बल्कि आपराधिक कार्रवाई भी संभव है।शासन ने प्रदेश के सभी नगरीय निकाय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने नगरीय निकायों में नामांकित जनप्रतिनिधियों की तत्काल समीक्षा करें, जहां भी महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार प्रॉक्सी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त पाए जाएं। वहां सांसद एवं विधायक को अवगत कराते हुए मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के अनुसार नई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करें।इस आदेश के बाद कई नगरीय निकायों में बड़े प्रशासनिक बदलाव की संभावना जताई जा रही है,अब महिला जनप्रतिनिधि स्वयं बैठकों में हिस्सा लेंगी,योजनाओं पर निर्णय करेंगी और जनता के सामने जवाबदेह होंगी,इससे न केवल लोकतंत्र मजबूत होगा,बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी बढ़ेगी,अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नगरीय निकायों में इस निर्देश का कितनी सख्ती से पालन किया जाता है ।

#### मंत्रालय से जारी आदेश का नपं में भी दिखेगा असर

ज्ञात हो कि नगरीय निकायों में यह आम शिकायत रही है कि महिला जनप्रतिनिधि नाम मात्र की होती हैं,जबकि उनके स्थान पर परिवार के पुरुष सदस्य बैठकों में भाग लेते हैं,अधिकारियों से संवाद करते हैं और विकास कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं।यही हाल नगर पंचायत बिश्रामपुर का भी दिखता है,नगर पंचायत पति हर बैठक में मौजूद रहते हैं और अधिकारियों से संवाद करते हैं और विभिन्न कार्यों में सीधा हस्तक्षेप करते है,राज्य शासन द्वारा जारी उक्त आदेश का जमीनी स्तर में पालन हो पाता है या नहीं ये देखने वाली बात होगी।



### नेशनल ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में पृथ्वीराज की टीम को मिला कांस्य पदक

**बिश्रामपुर।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित पांच दिवसीय नेशनल ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में नगर के पृथ्वीराज सिंह व अन्य की टीम ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है, गौरतलब है कि दिनांक 19 दिसंबर से 23 तारीख तक चली नेशनल ट्रैक साइकलिंग में झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे निखिल लोहरा,पृथ्वीराज सिंह,नारायण मेहतो एवं विकास की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया है जिन्हें आयोजन समिति के जगदीप सिंह कपलों के द्वारा काँस्य पदक प्रदान किया गया है,बता दें कि पृथ्वीराज सिंह शिवनन्दनपुर शांतिनगर निवासी एवं स्पोर्ट्स वर्ल्ड दुकान के संचालक अनुज सिंह के सुपुत्र हैं जो झारखण्ड राज्य के खेलगांव में रहकर विगत कई वर्षों से ट्रैक साइकलिंग की ट्रेनिंग कर रहे हैं।

# स्टेडियम ग्राउंड में हुआ सर्व हिन्दू समाज का सम्मेलन

**प्रतापपुर।** नगर के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में आज सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक, मातृ शक्तियों, युवा और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता देखने को मिली।

आयोजन स्थल पर धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम नजर आया। सम्मेलन का शुभारंभ लोकनृत्य कर्मा की प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग कार्यवाह अमरदीप देवांगन, मुख्य अतिथि अभियोजन अधिकारी गजेंद्र सिंह, गायत्री परिवार से मातृ शक्ति श्रीमती मनोरमा सिंह तथा हीरालाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह ने कहा कि समाज की मजबूती न्याय, संस्कार और आपसी सद्भाव से आती है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सामाजिक चेतना जागृत करने वाला बताते हुए सर्व हिन्दू समाज की एकजुटता की सराहना की। विद्यालय के बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में संस्कार, देशभक्ति और भारतीय संस्कृति की झलक स्पष्ट दिखाई दी। कार्यक्रम को अमरदीप देवांगन ने भी संबोधित किया।



# सूरजपुर में हुई जायसवाल समाज की बैठक, वीरेंद्र बने जिलाध्यक्ष

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर सर्किट हाउस में जिले के जायसवाल समाज की बैठक हुई। बैठक में सूरजपुर जिले के सभी विकास खण्डो से जायसवाल समाज के लोग उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रेमनगर के वीरेंद्र जायसवाल को जिला अध्यक्ष चुना। जायसवाल समाज के उत्थान के लिए सभी विकास खण्डो से प्रभारी भी बनाया गया। जिसमें प्रतापपुर से नवीन जायसवाल व शिव शंकर जायसवाल, सूरजपुर से रामानंद जायसवाल एवं सत्यनारायण जायसवाल, भैयाथान से विनय जायसवाल, आशीष जायसवाल एवं सुरेश जयसवाल, रामानुजनगर से अशोक जायसवाल एवं महेश जायसवाल, प्रेमनगर से संतोष जायसवाल एवं मिथलेश जायसवाल, बिहारपुर से लल्लू जायसवाल एवं रामपाल जायसवाल, ओड़गी से दिवाकर जायसवाल एवं रामदास जायसवाल को प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि हमारे पूर्वज पहले राजाओं के वंशज थे लेकिन आज हम लोगों में एकता और मतभेद होने के कारण हम बिखर कर रह गए हैं, उन्होंने राजनीति से हटकर समाज के हित में कार्य करने को कहा। बैठक को शशि भूषण जायसवाल, रामानंद जायसवाल, सत्यनारायण जायसवाल, नवीन जायसवाल, अशोक जायसवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान शिवशंकर जायसवाल, डॉ. निलेश जायसवाल, मिथलेश, राकेश, संजय, मनोज , आशीष,महेश,आनंदपाल जायसवाल, राहुल, रमेश,विनय, लल्लू, विवेक, संतोष,अशोक , रामसूरत , राजेश , अमन , गणेश , राजेंद्र , प्रेम , शिव शंकर , सुशील राय, संतोष सहित अन्य उपस्थित थे

# रेलवे संघर्ष समिति ने सरगुजा सांसद को सौंपा ज्ञापन

- एक्सप्रेस ट्रेन की बिश्रामपुर स्टेशन में स्टॉपेज करने की मांग

**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर में अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 22407/22408 के ठहराव को लेकर आज मंगलवार को बिश्रामपुर रेलवे संघर्ष समिति द्वारा सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज को ज्ञापन सौंपा गया है,सरगुजा सांसद को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बिश्रामपुर स्टेशन न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है, बल्कि यह सरगुजा संभाग का एकमात्र गुड्स शेड भी है,जहां प्रतिदिन भारी मात्रा में आवश्यक सामग्रियों की रेकें आती-जाती हैं,यह स्टेशन कभी पूरे संभाग का अंतिम स्टेशन हुआ करता था,जिसके वर्षों बाद अंबिकापुर तक रेल लाइन का विस्तार हुआ,बावजूद इसके बिश्रामपुर स्टेशन को आज भी उचित महत्व नहीं मिल पा रहा है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में संचालित कोयला खदानों में कार्यरत देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों कर्मचारी बिश्रामपुर व आसपास में निवासरत हैं,दिल्ली सहित उत्तर भारत, मध्य भारत व अन्य राज्यों के लिए नियमित रेल सेवा की आवश्यकता सबसे अधिक इन्हीं लोगों को पड़ती है। अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस सरगुजा को राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली इकलौती सुविधा है, ऐसे में इसका बिश्रामपुर में ठहराव न होना स्थानीय जनता के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है,ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के वकील प्रदीप गर्ग,पूर्व नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव,अशोक अग्रवाल,विवेक जायसवाल,अंशुमान तिवारी व अन्य उपस्थित थे।



# काव्य गोष्ठी में शामिल हुए देश- विदेश के कवि एवं साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



गुंजन साहित्य संघ द्वारा साल के अंतिम सत्र के अवसर पर एक भव्य काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक संध्या में गीत, ग़ज़ल, कविता और हास्य के विविध रंग देखने को मिले। कार्यक्रम में देश-विदेश के कवियों, गीतकारों एवं साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णा बाबू के सरस्वती वंदना से हुआ। मंच संचालन डॉ. दीपा गुप्ता ने किया, जिन्होंने अपनी सहजता एवं हास्यपूर्ण शैली से पूरे वातावरण को सरस बनाए रखा। इस अवसर पर गुंजन साहित्य सम्मान 2025 से चयनित साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। काव्य पाठ की शुरुआत गिरधर ने की। रफ़त आशिया ने सादगी पर आधारित रचना प्रस्तुत की, जबकि तमन्ना ने लड़की हूँ, सामान नहीं कविता के माध्यम से समाज की विकृत सोच पर प्रखर प्रहार किया।

कन्हैया ने सीमा पर तैनात जवानों की पीड़ा को शब्द दिए। राजेश तिवारी के गीत बूढ़ा बाग़वान में पिता का मर्मस्पर्शी दर्द झलका। कामेश्वर ने हमारी कहानी शहर में ग़ाफ़िल हो गई सुना कर श्रोताओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। विनोद मिश्रा ने कुछ छूट गया है के माध्यम से अंतर्मन की व्यथा व्यक्त की। एडमिरल नूर ख़ुर्रम साहब की ग़ज़ल कौन कहता है मुझे प्यार नहीं ने गोष्ठी को नई ऊंचाइयां दीं। नॉर्वे से जुड़े सुरेश चंद्र ने अंत तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए गुंजन साहित्य संघ की सराहना की। कनाडा से जुड़ी भारती शर्मा फ़िरदौस ने अपने प्रभावशाली मुक्तक से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य प्रस्तुतियों में शिशुपाल गुप्ता, वीरेंद्र, अर्जुन, डॉ. गिल, राजेश कुमार, मो. शिरी, रुस्तम, वीरेंद्र सिंह एवं जूही की रचनाओं को भी खूब सराहना मिली।

# कश्यप समाज की बैठक में कार्यकारिणी का गठन

अम्बिकापुर। चम्बोथी तालाब स्थित सामुदायिक में आयोजित कश्यप समाज की बैठक में सर्वसम्मति से जिला इकाई का गठन किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य विद्यासागर कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न ब्लॉकों के सदस्य शामिल हुए। बैठक में आपसी चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से जिला संगठन के पदाधिकारियों का चयन करने का निर्णय लिया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर दीनानाथ कश्यप को सर्वसम्मति से चुना गया। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त करने पर उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया।



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।



लाइफ Style

# किआरा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

## हॉलीवुड मसाला




# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

### मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है, बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं।



'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स

# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

*__नई दिल्ली।__ जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गईं।*

**शाहरुख :** शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सब्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया :** आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी :** भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।



**दिलजीत :** दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या :** अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर :** साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा :** साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

